दिन– बुधवार दिनांक– 18 / 06 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. राज्य सरकार ने प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में पुस्तकालय अध्यक्ष, लिपिक और परिचारी की नियुक्ति में डोमिसाइल नीति लागू करने का फैसला किया।

02. पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने कहा– आपराधिक मामलों में गवाही नहीं देने वाले पुलिसकर्मियों के वेतन पर लगायी जायेगी रोक।

03. अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस पर इक्कीस जून को प्रदेश के सभी सरकारी और निजी विद्यालयों में योगाभ्यास सत्र – योग संगम का किया जायेगा आयोजन।

04. और, प्रदेश में मॉनसून की सक्रियता से बारिश का सिलसिला शुरू। आज किशनगंज और पश्चिम चम्पारण जिले में अत्यंत भारी बारिश की चेतावनी।

---

राज्य सरकार ने प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में पुस्तकालय अध्यक्ष, लिपिक और परिचारी की नियुक्ति में डोमिसाइल नीति लागू करने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गयी। बैठक के बाद कैबिनेट विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉक्टर एस. सिद्धार्थ ने बताया कि तीनों पदों पर चयन के लिए जो नियमावली और योग्यता तय की गयी है, उसके अनुसार आवेदक को भारत का नागरिक होने के साथ–साथ बिहार का निवासी होना अनिवार्य है। अन्य राज्यों के निवासी इन पदों के लिए आवेदन नहीं कर सकेंगे।

---

पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने कहा है कि अब किसी मामले में गवाही के अभाव में स्पीडी ट्रायल नहीं रूकेगी। गवाह चाहे निजी हो या सरकारी उन्हें हर हाल में न्यायालय में उपस्थित होना होगा। श्री कुमार ने कहा कि आपराधिक मुकदमों में पुलिस के अधिकारियों और कर्मियों को गवाही देने के लिए वेबसाईट के माध्यम से समन भेजा जायेगा। गवाही नहीं देने की स्थिति में उनके वेतन पर रोक लगा दी जायेगी। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त और बीमार पुलिसकर्मियों के लिए वाहन भी उपलब्ध कराया जायेगा। साथ ही उनकी जरूरत के अनुसार अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध करायी जायेंगी।

---

केन्द्रीय कर्मचारियों की तरह बिहार सरकार के कर्मियों को भी एकीकृत पेंशन योजना, यूपीएस का लाभ देने के लिए वित्त विभाग ने एक उच्च स्तरीय कमिटी का गठन किया है। विभाग के विशेष सचिव मुकेश कुमार लाल की अध्यक्षता में पांच

सदस्यों की समिति यूपीएस का अध्ययन कर दो महीने के अंदर अपनी रिपोर्ट विभाग को सौंपेगी।

---

पीएम श्री योजना के तहत बिहार के आठ सौ चार विद्यालयों का चयन किया गया है। जिन विद्यालयों का योजना के तहत चयन हुआ है, उसमें प्रारंभिक से लेकर उच्च माध्यमिक स्तर तक के विद्यालय शामिल हैं। इन विद्यालयों को केन्द्र सरकार से संसाधन प्राप्त होंगे और इन्हें मॉडल स्कूल के रूप में विकसित किया जायेगा।

---

प्रदेश में होने वाले नगर निकाय चुनाव के लिए अब तक दस हजार मतदाताओं ने ई–वोटिंग के लिए पंजीकरण कराया है। राज्य चुनाव आयुक्त दीपक प्रसाद ने बताया कि पचास हजार मतदाता ई–वोटिंग के जरिए और मतदान केंद्रों पर जाए बिना अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। आकाशवाणी समाचार से बात करते हुए श्री प्रसाद ने कहा कि मतदान प्रक्रिया में ई–वोटिंग प्रणाली को अपनाने वाला बिहार, देश का पहला राज्य होगा। यह पहल राज्य में अट्ठाईस जून को होने वाले नगर निकाय चुनावों से शुरू होगी।

–––बाइट–––

राज्य चुनाव आयुक्त श्री प्रसाद ने कहा कि ई–वोटिंग की पूरी प्रक्रिया सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस कंप्यूटिंग द्वारा विकसित ई–वोटिंग एसईबीएचआर और बिहार राज्य चुनाव आयोग की ओर से विकसित दो मोबाइल एप के जरिए संपन्न कराई जाएगी।

---

अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस पर इक्कीस जून को प्रदेश के सभी सरकारी और निजी विद्यालयों में योग का विशेष सत्र होगा। बिहार शिक्षा परियोजना परिषद ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। आदेश में कहा गया है कि सभी विद्यालयों में सुबह छह बजकर तीस मिनट से सात बजकर पैंतालीस मिनट तक योगाभ्यास सत्र योग संगम का आयोजन किया जायेगा। इस सत्र के दौरान आयुष मंत्रालय द्वारा जारी प्रोटोकॉल का पालन अनिवार्य किया गया है।

---

केन्द्र सरकार ने बिहार के चौदह जिलों में भू–जल की जांच कराने का फैसला किया है। भारतीय भू– वैज्ञानिक सर्वेक्षण को इसकी जिम्मेदारी दी गयी है। सर्वेक्षण के दौरान वैज्ञानिक पानी में मिले तत्वों के आधार पर जमीन के अंदर खनिज की संभावनाओं का पता लगायेंगे। यह जांच पटना, गया, नवादा, औरंगाबाद, भोजपुर,

नालंदा, वैशाली, भागलपुर, समस्तीपुर, सुपौल, जमुई, जहानाबाद, बक्सर और अरवल जिले में होगी।

---

निगरानी जांच ब्यूरो ने आय से अधिक सम्पत्ति मामले में सेवानिवृत्त अंचलाधिकारी कृष्ण कुमार सिंह और अंजय कुमार राय के पांच ठिकानों पर छापेमारी की है। कृष्ण कुमार सिंह के पटना और भोजपुर स्थित जबकि अंजय कुमार राय के पटना और बेगूसराय स्थित ठिकानों पर छापेमारी की गयी। निगरानी के सूत्रों ने बताया कि छापेमारी के दौरान मिली सम्पत्तियों के आकलन के बाद विस्तृत जानकारी दी जायेगी। गौरतलब है कि दोनों सेवानिवृत्त पदाधिकारियों पर सेवाकाल के दौरान आय से अधिक सम्पत्ति अर्जित करने का आरोप है।

---

मधुबनी की एक अदालत ने जिलाधिकारी को नोटिस जारी कर एक निजी कम्पनी को चार करोड़ सत्रह लाख रूपये का भुगतान पन्द्रह दिनों के अंदर करने का आदेश दिया है। भुगतान नहीं करने की स्थिति में मधुबनी समाहरणालय को नीलाम करने का आदेश जारी किया गया है। इस संबंध में एक नोटिस समाहरणालय भवन के मुख्य द्वार पर चिपकाई गयी है।

---

प्रदेश में मॉनसून के प्रभाव से बारिश का सिलसिला शुरू हो गया है। मौसम विभाग ने आज किशनगंज और पश्चिम चम्पारण जिले में अत्यंत भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। वहीं, भागलपुर, जमुई, बांका, अररिया, कटिहार और पूर्णियां जिले में भारी बारिश का अलर्ट है।

———बाईट———

इधर, मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के निदेशक आशीष कुमार ने बताया कि मॉनसून का राज्य के पूर्वी हिस्सों में प्रसार हो चुका है। इसके आगे बढ़ने की अनुकूल परिस्थितियां बनी हुई हैं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष मानसून की सक्रियता अधिक रहेगी, जिसके चलते राज्य में सामान्य से लगभग ग्यारह प्रतिशत अधिक बारिश का पूर्वानुमान है।

———बाइट———

---

राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां आज पटना में राजभवन परिसर में राजेन्द्र भवन, राज्यपाल सचिवालय और राजभवन अतिथि गृह की आधारशिला रखेंगे। इस अवसर पर

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा तथा भवन निर्माण विभाग के मंत्री जयंत राज उपस्थित रहेंगे।

---

राजधानी पटना में कोविड के नये मामलों के मिलने का सिलसिला जारी है। सिविल सर्जन डॉक्टर अविनाश कुमार सिंह ने बताया कि पिछले चौबीस घंटों के दौरान नौ संक्रमितों की पुष्टि हुई है। संक्रमितों की कुल संख्या बढकर तिरानवे हो गयी है। इनमें से तिरेसठ लोग पूरी तरह स्वस्थ हो चुके हैं।

---

पूर्वी सोन लिंक नहर में पानी का प्रवाह शुरू हो गया है। जल संसाधन विभाग के अनुसार लिंक नहर के माध्यम से मुख्य नहर के अंतिम छोर तक पानी पहुंचाने की व्यवस्था की गयी है। पटना जिले के पालीगंज के खेतों में आज से इस नहर का पानी पहुंचने लगेगा। वहीं, दुल्हिन बाजार में उन्नीस जून, बिक्रम में बीस जून और नौबतपुर में इक्कीस जून तक पानी पहुंचाने का लक्ष्य है।

---

अहमदाबाद विमान हादसे में जान गंवाने वाली पटना की मनीषा थापा का कल बांसघाट पर अंतिम संस्कार किया गया। पिता राजू थापा ने मुखाग्नि दी। मनीषा थापा दुर्घटनाग्रस्त विमान की एयर होस्टेस थीं। मूल रूप से नेपाल के विराट नगर की रहने वाली मनीषा थापा का पूरा परिवार पटना में रहता है। उनका जन्म भी पटना में ही हुआ था।

---

और, अब जिलों से प्राप्त संक्षिप्त समाचार......

पटना में यातायात पुलिस के चौबीस पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। इन सभी पर निर्धारित समय से विलम्ब से ड्यूटी पर पहुंचने का आरोप है।

---

पटना व्यवहार न्यायालय में पुलिस अभिरक्षा में पेशी के लिए लाया गया एक कैदी शौचालय से फरार हो गया। इस मामले में पीरबहोर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

---

गया के शेरघाटी की एक अदालत ने एक वृद्ध की हत्या के मामले में छह दोषियों को आजीवन कारावास और दस–दस हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

---

नवादा जिले के वारिसलीगंज थाना क्षेत्र से पुलिस ने सस्ती दर पर लोन दिलाने के नाम पर साईबर ठगी करने के आरोप में तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

---

सारण जिले के मढौरा थाना क्षेत्र अन्तर्गत कर्णपुरा के पास एक अनियंत्रित बस ने पेड़ की छांव में बैठे सात लोगों को कुचल डाला। इस हादसे में एक महिला की मौत हो गयी जबकि छह अन्य गम्भीर रूप से घायल हो गये।

---

मधुबनी जिले के बाबूबरही थाना क्षेत्र अन्तर्गत भटचौरा दुर्गास्थान के पास एक तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से मोटरसाईकिल सवार दो युवकों की मौत हो गयी। इधर, बेगूसराय जिले के साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र के हीराटोल जीरो माईल के पास एक चार पहिया वाहन और ऑटो रिक्शा के बीच हुई टक्कर में ऑटो सवार एक व्यक्ति और उनकी मां की मौत हो गयी।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक जागरण ने राज्य कैबिनेट के फैसले को प्रमुखता देते हुये लिखा है– मधुबनी, वीरपुर, वाल्मीकिनगर, सहरसा, मुजफ्फरपुर और मुंगेर से उड़ान की तैयारी।

हिन्दुस्तान ने लिखा है– भारतीयों की ईरान से वापसी शुरू। एक सौ दस को निकाला।

प्रभात खबर की सुर्खी है– स्कूलों में छह हजार पांच सौ लाईब्रेरियन, छह हजार चार सौ इक्कीस क्लर्क और दो हजार परिचारी बहाल होंगे।

दैनिक भास्कर लिखता है– मॉनसून आया। अगले अड़तालीस घंटे में पूरा बिहार भीगेगा।

राष्ट्रीय सहारा के शब्द हैं– दिल्ली विश्वविद्यालय में स्नातक पाठ्यक्रमों में नामांकन की प्रक्रिया चालू।

आज अखबार ने लिखा है– ईरान–इजराइल युद्ध में कूदा अमेरिका।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. राज्य सरकार ने प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में पुस्तकालय अध्यक्ष, लिपिक और परिचारी की नियुक्ति में डोमिसाइल नीति लागू करने का फैसला किया।

02. पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने कहा– आपराधिक मामलों में गवाही नहीं देने वाले पुलिसकर्मियों के वेतन पर लगायी जायेगी रोक।

03. अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस पर इक्कीस जून को प्रदेश के सभी सरकारी और निजी विद्यालयों में योगाभ्यास सत्र – योग संगम का किया जायेगा आयोजन।

04. और, प्रदेश में मॉनसून की सक्रियता से बारिश का सिलसिला शुरू। आज किशनगंज और पश्चिम चम्पारण जिले में अत्यंत भारी बारिश की चेतावनी।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।